Vanbandhu Parishad - Rashtriya Mahila Samiti

EKAL SHAKTI

Vol. XII - August '21 - November '21

त्योहारों के रंग
एकल के संग



अध्यक्षीय मनोगत

त्यौहारों के रंग एकल के संग ~

एकल शक्ति का यह अंक त्यौहारों के विभिन्न रंगों से ओतप्रोत है।

हमारे कई त्यौहार ऋतु परिवर्तन से संबंधित होते हैं तो कई धार्मिक आस्थाओं से और कई राष्ट्रीय चेतना की भावना से। इस प्रकार प्रत्येक त्यौहार का अपना एक महत्व होता है।

सभी महिला समितियों ने त्यौहारों को अपार उल्लास और आनंद के साथ मनाया जिसकी झलक आप इस अंक में देख पाएंगे। यह त्यौहार ही हैं जिसमें समाज को जोड़े रखने की क्षमता होती है।

त्यौहारों में स्वजनों और प्रियजनों को आमंत्रित कर एकल के उद्देश्य और कार्यों के बारे में अवगत कराकर समाज में जागृति का महत्वपूर्ण कार्य किया है सभी महिला समितियों ने। हमारे देश में त्यौहारों का जाल बिछा हुआ है और आए दिन कोई न कोई त्यौहार पड़ता ही रहता है।

हमारे दो मुख्य आयाम मकर सक्रांति उपहार योजना और सेवापात्र योजना भी त्यौहारों पर ही आधारित हैं। मकर सक्रांति उपहार योजना एकल के सेवा व्रतियों के प्रति अपनी कृतज्ञता और स्नेह जताने का एक माध्यम है और सेवा पात्र योजना शहर के बच्चों और परिवारों में बनवासी बच्चों के प्रति प्रेम जगाने का एक साधन है। कृष्ण जन्म के साथ जोड़कर इसे 'मां यशोदा योजना' का नाम भी दिया गया है क्योंकि यदि हम शहर की माताएं यशोदा बनकर वन-वासी बच्चों की शिक्षा का दायित्व लें तो यही वनवासी बच्चे कृष्ण बनकर भारत का नाम उज्जवल कर सकते हैं। सभी एकल विद्यालयों में भी कई त्यौहार नियमित रूप से मनाए जाते हैं। शिक्षकदिवस पर बच्चे अपने माता पिता और गुरु के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लेते हैं। स्वतंत्रता दिवस पर महान व्यक्तित्वों की जयंती पर देश भक्ति के गीत तथा नृत्य-नाटिकाओं के माध्यम से देश प्रेम का जागरण होता है। सभी विद्यालयों में योग दिवस अवश्य मनाया जाता है। सभी एकल विद्यालयों में भारत माता और सरस्वती का चित्र अवश्य रहता है जो बच्चों में देश भक्ति और शिक्षा के महत्व को प्रज्वलित रखता है। ओंकार और गायत्री मंत्र के उच्चारण से पाठशाला की शुरुआत होती है। इस प्रकार हमारे एकल विद्यालय भी त्यौहारों के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना, परंपराओं, संस्कृति और मानवीय गुणों को स्थापित कर अपने गांव में उत्सव का केन्द्र भी बन जाते हैं।

परंपराओं व संस्कारों से घिरा हर त्यौहार समाज और राष्ट्र के लिए कोई न कोई संदेश देता है, जैसे विजय दशमी तथा दीपावली असत्य पर सत्य की विजय का संदेश देता है, रक्षाबंधन का पावन पर्व भाई-बहन के प्रेम का और होली का त्यौहार केवल रंगों का ही नहीं बल्कि भाईचारे एवं स्नेह का भी प्रतीक है।

त्यौहारों का असली आनंद भी हमें तभी मिल पाता है जब इन पर्व-त्यौहारों को इनकी भावना और गरिमा के साथ बिना किसी आडंबर के मनाया जाए और इनमें निहित उद्देश्य को समझा जाय।
त्यौहारों के बिना तो हम भारतीय अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते, क्योंकि हमारे लिए तो त्यौहारों का मतलब होता है खुशियां।
तो आइए हम और आप भी खुश होकर त्यौहार मनाएं और आनेवाले त्यौहारों का इंतजार करें।

सभी को आनेवाले त्यौहारों की अग्रिम शुभेक्षाएं!

लता मालपानी, चेन्नई
राष्ट्रीय महिला समिति,
अध्यक्ष

सचिव की कलम से

प्रिय बहनो
राम राम, एकल अभिवादन।

विविधता व अनेकता में एकता का हमारे सनातन धर्म से बड़ा उदाहरण हो ही नहीं सकता। हम भारतवासी उत्सव प्रेमी हैं व एक दूसरे के रंग में रंगकर अति प्रसन्न होते हैं। लोकमान्य तिलक ने 10 दिन के गणेश उत्सव को आरम्भ कर उसकी आड़ में अंग्रेजों के ख़िलाफ़ भारतवासियों को संगठित किया। देश आज़ाद हो गया और उल्लास, मेलमिलाप भी आज वैसे ही क़ायम है।

हमारी सभी समितियों ने अलग अलग उत्सवों का आयोजन कर सदस्यता का विस्तार किया। स्वेच्छा से सदस्य बने। उल्लास के वातावरण में सेवा का विस्तार अपने आप में अनूठा है। उत्सव आयोजन संगठन का सबसे सशक्त माध्यम है।

पाश्चात्य सभ्यता तेज़ी से नई पीढ़ी पर हावी हो रही है। New year, Christmas, Valentine day, Mother's Day ये हमारी सभ्यता नहीं। हमारे लिए तो हर दिन माँ के आशीर्वाद से आरम्भ होता हैं। भारत माता की सेवा हम अपने कर्तव्यों में सर्वोपरि रखते हैं। कहीं न कहीं हमारीकमजोरी है जो दूसरी सभ्यता हमारी अगली पीढ़ी पर हावी हो रही है। हमारे संस्कारों का प्रस्फुटन आनेवाली पीढ़ी में करना हमारा कर्तव्य है।

महादान का पर्व संक्रांति द्वार पर है। हमें अधिकाधिक संग्रह करना है। पूर्णकालीन सेवावृतियों के लिए संग्रह के साथ हमारे संगठन के प्रचार का भी संक्रांति सशक्त माध्यम है। सम्पूर्ण समिति को अधिक से अधिक संग्रह के लिए प्रेरित कीजिए।

मार्च में ऋषिकेश में मिलने के लिए हम सब उत्सुक हैं, कल्पना से ही आल्हादित हैं। इतनी बड़ी संख्या में स्वेच्छा से बहनो की स्वीकृति बहुत शुभ संकेत है। नई ऊर्जा का संचार होगा। आप सब के आगमन की राष्ट्रीय महिला समिति को बेसब्री से प्रतीक्षा रहेगी।

महिला समितियाँ जिस तरह से प्रगति कर रही हैं सभी चैप्टर की सशक्त भुजा के रूप में उभर रही है। पुरुष वर्ग भी प्रशंसा करने में बहुत उदार है। अपने अपने चैप्टर से समन्वय बनाकर रखिए। कोरोना काल में भी हमने हार नहीं मानी अब तो आसमान छूना है। स्त्री हठ तो विख्यातहै फिर हमारा हठ तो ग्राममोत्थान के माध्यम से देशोत्थान का दृढ़ संकल्प है। ईश्वर का आशीर्वाद हर पल हमारे साथ हैं।

एकल शक्ति के प्रकाशन के समय हर समिति की गतिविधि एक नया उत्साह, नई दिशा देती है। आप सभी साधुवाद व प्रशंसा के पात्र हैं।

अनेकानेक शुभकामनाओं के साथ,

विनीता जाजू
सचिव
राष्ट्रीय महिला समिति

Editorial Board

Smt. Lata Malpani

Smt. Vinita Jajoo

Smt. Shobhana Paranjpye

Smt. Rashmi Chandak

by Media Prabhari - Anuradha Agarwalla

शिक्षक सम्मान तथा स्नेह बंधन का कार्यक्रम

एकल अभियान के अंतर्गत वनबंधु परिषद महिला समिति धनबाद द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह व रक्षाबंधन कार्यक्रम सम्पन्न किया गया । सभी बहनो ने टीका लगाकर कार्यकर्ताओं को राखी बांधी व उपहार देकर सम्मान किया। उत्तर झारखंड संभाग, भाग धनबाद, अंचल गोविंदपुर में ४३५ ग्राम में एकल विद्यालय सुचारु रूप से चलाये जा रहे है जिनमे शिक्षा, आरोग्य, ग्राम विकास, जागरण एवं संस्कार की शिक्षा दी जा रही है। आचार्यों को शिक्षक सम्मान समारोह के अवसर पर सम्मानित किया।

मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सामुहिक हनुमान चालीसा के पाठ के साथ उद्घाटन हुआ।

इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता केंद्रीय ग्राम संगठन प्रमुख श्री संजय साहू ने कहा "गुरु शिष्य की परंपरा वर्षों से निभाई जा रही है। गुरु हमे अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने तथा सन्मार्ग में चलने की राह बताते हैं । बच्चों का पहला गुरु मां होती है। एक उपेक्षित बच्चे को जब मां मिलती है तो मां यशोदा कहलाती है और वही बालक बाद में कृष्ण बनता है। इसी तरह मां जीजाबाई ने शिवाजी का निर्माण किया था"।

अनुराधा अग्रवाल धनबाद महिला समिति सचिव ने रक्षाबंधन के महत्व को बताया और नगर की महिला समिति ने सभी आचार्यों को रक्षा सूत्र बांधकर राष्ट्र की रक्षा का संकल्प कराया।

हमारी महिला आचार्यों को एक तरह के परिधान में देखना बड़ा मनोहारी था । ऐसा लग रहा था जैसे ज़िम्मेदारी और प्यार का संगम है।

इस कार्यक्रम में नितिन हडोदिया, भाग अध्यक्ष; नीरज अग्रवाल, भाग उपाध्यक्ष; आयुष कुमार तिवारी व सभी दीदीयों ने बहुत ही उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ सवेरा की सभी समिति सदस्य उपस्थित हुए। आभार प्रदर्शन व शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

वनबंधु महिला समिति धनबाद ने बलियापुर सिलाई केन्द्र का निरीक्षण किया। छात्राओं ने बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। स्वागत गान, देशभक्ति गीत, कृष्ण भजन तथा सन्थाली नृत्य के माध्यम से किया हुआ समिति का आदर सत्कार बहुत ही मनमोहक था। समिति ने उत्साहवर्धन के लिए छात्राओं को प्रमाणपत्र तथा उपहार प्रदान किए। समिति की कई सदस्याए वहाँ उपस्थित थीं।

समिति और छात्राओं ने मिलकर अल्पाहार का आनंद उठाया। नीरजजी अग्रवाल तथा धनंजय जी ने समिति को बहुत सहयोग दिया। प्रभात ख़बर के संवाददाता भी वहाँ मौजूद थे जिनका सम्मान महिला समिति द्वारा किया गया।

दिनांक ८ मार्च २०२१ को महिला दिवस के अवसर पर वनबन्धु परिषद धनबाद एकल महिला समिति ने गांव से महिला आचार्यों को शहर में सचिव अनुराधा अगरवाला के घर पर आमंत्रित किया और सम्मानित किया।

१३ आचार्य आई थी। उनके साथ बहुत सुंदर वक्त बीता। मिलजुल कर सभी ने जलपान किया तथा फिर उन्हें उपहार देकर विदा किया। साथ में तीन पूर्ण कालीन भाई भी आए थे।

कथाकार बहनों ने सुंदर भजन गाए। सभी ने परिवार में मिलजुलकर प्रेम पूर्वक महिला दिवस को मनाया। ऐसे लगा जैसे केवट स्वयं पधारे हैं। बहुत ही मनमोहक वातावरण था। उनके आने से मन में खुशी और उत्साह भर उठा। घर के बच्चों तथा अन्य सदस्यों ने उनका आदर सत्कार किया।

महिला दिवस का यह कार्यक्रम सभी को हमेशा याद रहेगा।

वनबंधु परिषद महिला समिति धनबाद को वनवासी बंधुओं ने अपनी खुशियों में शामिल होने व साथ दिवाली मनाने के लिए आमंत्रित किया। उस आत्मीयता और प्रेम की अनुभूति को व्यक्त करना कठिन है। हमारे सिलाई केंद्र में वनों के बीच गाँव की मिट्टी की सौंधी सुगंध के साथ समिति ने कल प्यार भरी दिवाली का भरपूर आनंद लिया। इतना स्नेह व मान पाकर सब अभिभूत थे।

सिलाई केंद्र की प्यारी बेटियों ने दिवाली को यादगार बना दिया।

Jamshedpur Mahila Samiti

by Media Prabhari - Smt. Nivedita Bernwal

वन बंधु परिषद जमशेदपुर महिला समिति ने होटल सेंटर प्वाइंट में दीपावली मिलन का आयोजन किया। इसमें करीब ८० सदस्यों ने बहुत ही उत्साह के साथ भाग लिया। विविध प्रकार के खेल व तंबोला के साथ इस समारोह में कुछ गायकों को भी बुलाया गया था। उन्होंने पुराने गीतों से प्रस्तुतीकरण से समारोह में अच्छा खासा समा बांध दिया। समारोह में ६ डॉक्टर भी सम्मिलित हुए थे जो हरदम वन यात्रा में अपना सहयोग प्रदान करते हैं। इसके साथ ही हम लोगों की आगामी योजना 'एकल विद्यालय प्रतियोगिता' में भाग लेने वाले १८०० बच्चों के लिए खाद्य पदार्थों के पैकेट्स की व्यवस्था भी हमारे सदस्यों के सहयोग से हो गई।

महिला समिति के द्वारा रविवार ३ अक्टूबर को पारूलिया पंचायत के रहनीगोड़ा गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं वन यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान जमशेदपुर चैप्टर और महिला समिति से २० सदस्य, ६ अतिथि, ३ युवा और ५ डॉक्टर शामिल हुए। लगभग १५० ग्रामीवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा भी दी गई। एक कुष्ठ रोग के मरीज को टी.एम.एच में इलाज के लिए भेजने का निर्णय लिया गया। जमशेदपुर M.G.M के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ रतन कुमार के नेतृत्व में डॉ अमन, डॉ दीपक गिरी, डॉ किशलय मिश्रा और डॉ कृष्णमणि ने मरीजों की जांच की। ग्राम निवासियों को मुफ्त चेकअप, इलाज और दवा वितरण किया गया।

मेडिकल कैंप व वनयात्रा में एकल सदस्यों ने एकल विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों से भी बात की और उनकी समस्याओं को सुना। सभी लोगो ने कोविड-१९ नियमो का कड़ाई से पालन किया। इस अवसर पर उपस्थित महिला समिति से माहेश्वरी दुबे, बबिता केडिया, वर्षा मित्तल, संतोष धूत, पुष्पा अग्रवाल, निवेदिता बरनवाल, आदि ने ग्रामीण महिलाओं के साथ आदिवासी नृत्य में भी भाग लिया। वनयात्रा बहुत ही अच्छी रही।

५ अक्टूबर को महिला समिति द्वारा बेलडीह क्लब में प्रदर्शिनी लगाई गई जिसमें सरसों तेल घी, हल्दी, शहद और चावल गांव से मंगवाकर विक्रय किया गया। करीब ३५० लोग आये।

इसी शृंखला में त्योहारों के इस मौसम में मस्ती का रंग घोलते हुए महिला समिति ने २३ अक्टूबर को तुलसी भवन में मासिक बैठक व गरबा का रंगारंग पारिवारिक कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में ईस्ट जोन की सेक्रेटरी श्रीमती रेखाजी जैन रांची की भी गरिमामय उपस्थिति रही। दीप प्रज्वलन के बाद सभी सदस्यों ने बहुत ही उत्साह के साथ गरबा नृत्य किया। रेखा जी का उद्बोधन बहुत ही मार्गदर्शक व उत्साहवर्धक था।हमारे सहयोगी डॉक्टर्स भी आमंत्रित थे। उपहार प्रदान के साथ हमारी ग्राम की बहनों के द्वारा तैयार किए गए दिये भी भेंट स्वरूप दिए गए। सुंदर श्रृंगार और सुंदर नृत्य विजेता सदस्यों को उपहार दिया। नए जोड़े इस कार्यक्रम में पधारे जिन्होंने वनबंधु परिषद की सदस्यता ली। दिया स्टॉल से सभी बहनों दियों की खरीदारी की।

वनबंधु परिषद जमशेदपुर और महिला समिति जमशेदपुर से श्री दीपचंद्रजी अग्रवाल और उनकी पत्नी श्रीमती पुष्पाजी अग्रवाल हर साल अपने परिवार और मित्रों के साथ गांव में जाकर विद्यालय के बच्चों के साथ दिवाली मनाते हैं। इस वर्ष भी वे तकरीबन १५ लोग आमडीह और भवानीडीह विद्यालय के बच्चों के साथ दिवाली मनाने गए थे। उन्होंने बच्चों और ग्रामीणों के बीच लड्डू वितरित किए।उनके साथ उनके परिवार के छोटे बच्चे भी जाते हैं और वे बहुत उत्साह से विद्यालय के बच्चों के साथ बातचीत करते हैं। उन्हें भी वर्षभर इस कार्यक्रम का इंतजार रहता है।

by Media Prabhari - Smt. Savita Agarwala

कोलकाता महिला समिति द्वारा २७ अगस्त, २०२१ को ओजस बैंक्वेट हॉल में स्नेह मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रीमती पद्माजी मूंधड़ा, शशीजी पोद्दार व अध्यक्ष प्रतिभा जी बिनानी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

स्वागत भाषण प्रतिभा जी बिनानी द्वारा व कार्यक्रम का संचालन सेक्रेटरी उर्वशी रस्तोगी द्वारा किया गया। युवा समिति सदस्यों की नृत्य तथा गेम्स की मनमोहक प्रस्तुति और गंगाजी पचीसिया की मधुर गायकी ने सबका मन मोह लिया। राखी हाडोदिया के सुंदर नृत्य में सबका सम्मिलित होना सदस्याओं के उत्साह को दर्शा रहा था।

संगीता केजड़ीवाल ने अपनी कविता के माध्यम से बताया कि हम चाहें तो अपनी व्यस्ततम दिनचर्या से समय निकाल कर सेवा कार्य कर सकते है। नये सदस्यों को जोड़ना ही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था। रुपाजी ने एकल की गतिविधियां एवं उपलब्धियों के बारे में सरल एवं रोचक जानकारी दी तथा वीडियो के माध्यम से पंचमुखी आयामों की जानकारी दी। ७ नये सदस्य भी हमसे जुड़े जिनका परिचय मधुजी भगत ने दिया। सबको उपहार भी दिये गये।

धन्यवाद ज्ञापन रीता चौधरी ने किया। सभी के सहयोग के कारण कार्यक्रम बहुत सफल रहा।

वनबंधु परिषद कोलकाता महिला समिति द्वारा ८ सितम्बर, को शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम बहुत ही सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रारम्भ में राजीवगुणजी द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। सेक्रेटरी उर्वशी रस्तोगी ने वन बंधु परिषद के कार्यों से सभी को अवगत कराया। रीता चौधरी ने शिक्षक दिवस का महत्व बताया।

प. बंगाल से प्राथमिक शिक्षा प्रमुख सष्टीदा का बहुत सहयोग रहा। कूचबिहार के आचार्य बेयतिकर ने विद्यालय ओर बच्चों के विषय में जानकारी दी। विरशा मुण्डा की आचार्य १० वर्ष से एकल से जुड़ी हुई हैं। वहां पर मंदिर का निर्माण हो रहा है और सभी लोग बहुत आस्था से राम जी की आराधना करते हैं।

मुर्शिदाबाद की चंदना घोष ने बताया कि डाक्टर राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है। काकद्वीप आचार्य पार्वती गायन और वीरभूमी आचार्य श्रावणीजी का वक्तव्य भी बहुत अच्छा रहा। सभी आचार्यों के अनुभव सुनकर बहुत अच्छा लगा। इसके बाद बंगाल के सभी छात्रों की सराहनीय नृत्य प्रस्तुति थी। अंत में ज्योति जैन ने आभार प्रस्तुत किया।

वनबंधु परिषद कोलकाता महिला समिति द्वारा २९ अक्टूबर, को कुकिंग शो का आयोजन वर्चूअली किया गया जिसने ३६ सदस्याएँ शामिल हुईं। यह शो श्रीमती वैशाली शाह (Founder of Health & Glorys) द्वारा संचालित किया गया। वैशालीजी स्वास्थ्य विशेषज्ञ है और अच्छे स्वास्थ्य के लिए अपनी वर्कशॉप के माध्यम से पौष्टिक और स्वादिष्ट व्यंजन बनाने की विधि बताकर लोगों की counselling करती हैं। लगभग डेढ़ घंटे की अवधि में चार तरह के व्यंजन बनाने की विधि की सबने बहुत सराहना की।

महिला समिति द्वारा २५ नवंबर को एकल भवन में एक मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें दिल्ली से पधारीं राष्ट्रीय संगठन प्रभारी मंजूश्रीजी श्रीवास्तव का स्वागत किया गया। ॐकार की ध्वनि के साथ मीटिंग का आरम्भ हुआ। मंजूजी ने एकल से संबंधित अपने कई संस्मरण सुनाए, जो बहुत प्रेरणादायक थे। २३ नवंबर को पद्माजी मुंधरा के यहां सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया। कोरोना काल में २१ महीने बाद सदस्यायों ने एक साथ मिलकर बड़े ही उत्साह से पाठ किया।

Ranchi Mahila Samiti

by Media Prabhari - Smt. Anita Tulsyan

वनबंधु परिषद राँची महिला समिति ने 8 सितम्बर को जेसीआई उड़ान के साथ एकल विद्यालय दर्शन किया। अध्यक्ष बबीता जालान, सुमन मिनोचा, विजया आजमन, कांति सेठ और सुनीता मोदी ने जेसीआई उड़ान रांची की अध्यक्ष विनीता चितलांगिया एवं उनकी टीम के साथ रांची भाग के खूंटी अंचल, खूंटी संच के मान्हू ग्राम के एकल विद्यालय के दर्शन किए। अंचल समिति अध्यक्ष श्रीमान कैलाश महतो और ग्राम समिति के लोगों ने काफी उत्साह के साथ सांस्कृतिक परंपरा से रोली चावल का टीका लगाकर ढोल नगाड़े बाजे के साथ स्वागत किया। ग्रामीणों के साथ रांची की टीम ने भी खूब नाचते गाते आनंद के साथ विद्यालय में प्रवेश किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। विद्यालय पद्धति के अनुसार बच्चों ने विद्यालय प्रारंभ किया एवं ध्येय वाक्य के द्वारा एकल अभियान के उद्देश्य को बताया। सभी वनयात्री पंचमुखी शिक्षा से, खेल-खेल और गीत के द्वारा आनंददायी शिक्षा की शैली से अवगत हुए। बच्चों की चम्मच दौड़ विजेता को जेसीआई उड़ान ने स्मृतिचिन्ह देकर पुरस्कृत किया तथा उपस्थित सभी बच्चों को खाद्य सामग्री के साथ रबर, पेंसिल दी। राँची समिति ने आचार्य गुड़िया देवी को साड़ी भेंट कर सम्मान किया। बबीताजी जालान एवं टीम ने ग्राम में महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं को विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने की बात कही। ग्राम प्रमुख राजेंद्र नायक ने ग्रामीण परिवेश के बारे में लोगों को जानकारी दी।

12th September being Grandparents Day Mahila Samiti members decided to visit an old age home. They played the game of Housie with the residents of old age home and gave away gifts and fruits to them. Members sang Krishna and Ganesh bhajans for them and the residents also participated in the singing. The whole environment was full of Bhakti. Samiti members gave holy books to them so that they could pass their leisure time fruitfully. The residents of old age home were extremely happy and blessed the members and asked them to visit again.

by Media Prabhari - Smt. Manju Agarwal

वनबंधु परिषद महिला उपसमिति गया (धनबाद उपसमिति) ने टिकारी जाकर विश्व हिंदू परिषद के कार्यालय में शिक्षक दिवस मनाया । ओम के उच्चारण से कार्यक्रम का आरम्भ हुआ। दीप प्रज्वलन सूर्य के समक्ष किया गया। समिति के सदस्यों ने सभी आचार्यों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत व अभिनंदन किया। लगभग २५ आचार्य, १५ कार्यकर्ता व ८ समिति सदस्य थे। समिति द्वारा साड़ी, कुर्ता पजामा तथा मिठाई के डब्बे भेंट किए गए। भजन का कार्यक्रम भी हुआ तथा शांति पाठ के बाद कार्यक्रम की समाप्ति की गई। कार्यक्रम बहुत ही आनंदपूर्वक सम्पन्न हुआ। आचार्य और कार्यकर्ताओं से मिलना बहुत ही सुखद था।

by Media Prabhari - Smt. Vandana Bagaria

वनबंधु परिषद गुवाहाटी महिला समिति ने १ सितम्बर को मदर ओल्ड एज होम में अपने कथाकार भाई बहनों के द्वारा एक भगवत कथा एवं भजन संध्या का आयोजन किया। वृद्धाश्रम के ५० लोगों ने बड़े उत्साह से इस कथा का एवं भजनों का आनन्द लिया। सभी वृद्धजन कथा श्रवण मे इतना खो गये कि उन्होंने कहा ऐसी कथा हम दिन भर बिना भोजन के भी सुन सकते हैं। उनके साथ समय बिताने से हम सभी बहनें भी भाव विभोर हो गई, मन को बहुत ही शान्ति मिली। कथाकार बहनों ने बहुत सुंदर भजन एवं नृत्य की प्रस्तुति दी। समाप्ति पर फल, जूस बिस्किट एवं खीर का प्रसाद वितरित किया गया।

वनबंधु परिषद गुवाहाटी महिला समिति ने २ सितम्बर को एकल भवन में जन्माष्टमी महोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया। एकल के कथाकार भाई बहनों ने भगवत कथा एवं श्रीकृष्ण के बहुत सुंदर भजन प्रस्तुत किए। समिति की सभी बहनों ने पीले वस्त्र परिधान किए थे। कान्हाजी को विराजमान करके, छप्पन भोग एवं प्रसाद लगा कर, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को नृत्य गीतों के साथ उल्लासपूर्वक मनाया गया। इस उत्सव में ९-१० अतिथि भी आए थे। जिनमें से कुछ महिलाएँ हमारी समिति से जुड़ कर समिति की सदस्याएँ बनी।

by Media Prabhari - Smt. Maya Choube

वनबंधु परिषद महिला समिति तिनसुकिया द्वारा माकुम, तिनसुकिया, बरडूबी और डिगबोई संच में एकल ई-शिक्षा के तहत आचार्यों को टैबलेट वितरण किया गया जिससे ग्रामीण बच्चे डिजिटल मध्यम से पढ़ाई कर सकें। कार्यक्रम में तिनसुकिया अंचल समिति की अध्यक्ष श्रीमती प्रज्ञा प्रसाद, सचिव श्री निर्मल शर्मा, अंचल अभियान प्रमुख श्री राजेन तांति, डिगबोई संच समिति से श्री विक्रम तांती तथा सभी संचों के प्रमुख उपस्थित थे। टैबलेट वितरण पदाधिकारियों द्वारा सम्पन्न हुआ।

by Media Prabhari - Smt. Shalini Garg

वनबंधु आगरा महिला समिति ने १३ अगस्त को तीज महोत्सव तथा स्वतंत्रता दिवस अध्यक्ष सुरभी बंसल के निवास स्थान पर मनाया।

वनबंधु परिषद आगरा महिला समिति ने सितम्बर में करौली तथा भरतपुर से आए आचार्यों को सम्मानित किया तथा नंद उत्सव भी मनाया।

वनबंधु परिषद आगरा महिला समिति ने दिनांक १६ नवंबर को अपनी मासिक मीटिंग को बाल दिवस के रूप में मनाया। मीटिंग का शुभारंभ ओम के उच्चारण के साथ एकल का गीत समूह में गाकर किया गया । सभी बहनों को बाल दिवस के ऊपर बनाई गई क्विज खेलनेका आयोजन किया गया और विजेताओं को उपहार दिए गए । समूह में बाल दिवस के ऊपर बनाए गए खेल खेले गए, जिसमें अदिति सिंघल की टीम विजेता रही। श्रीमती सुमन जैन, मंजू डिंपल और आशा गर्ग को बचपन का रूप धारण कर आने पर पुरस्कृत किया गया। सभी बहनों को खेल के दौरान अपने बचपन के दिन याद आ गए।

हमारी पुरानी सदस्य बीना अग्रवाल जी ने दो बच्चों की शिक्षा हेतु सहयोग किया।

by Media Prabhari - Smt. Shilpa Parsrampuria

A Wholesome Package

On 12th August, Vanbandhu Parishad Mahila Samiti, Ahmedabad inaugurated the Books & Toys Bank in 5 Ekal schools. Samiti members felicitated the Acharyas by tying rakhis on their wrists. The Mahila Samiti also sent rakhis, biscuit kits & sweets for the children. Many gifts were sent on the occasion of Independence Day and Janamashtami as a small token to bring cheer in the lives of the children from Ekal Schools. The 15 Samiti members present at the event were delighted to see the children beaming with joy.

Shri Khemanandji (Head of Ekal Nagar Sangathan), Shri Prasanthji Sahu (Ekal Kendriya Abhiyan KaryalayPramukh) were present in the board meeting who briefed the board about the organised working. Shri Vijaybhai Shah (Sec. FTS Ahmedabad Chapter), Srimati Sushila Maheshwari, President Ahmedabad Mahila Samiti, welcomed the guests.

3 new members were inducted in the Mahila Samiti. At the end of the meeting, the Sec. of the Mahila Samiti, Srimati Kantaji Modani thanked the guests. The meeting ended with Shanti Paath.

by Media Prabhari - Smt. Onila Shinde

वनबंधु परिषद महिला समिति ग्वालियर की संच डबरा की गया।

अगस्त माह की वन यात्रा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। वन यात्रा में सभी समिति सदस्यों ने डबरा संच वर्ग में उपस्थित सभी आचार्यों एवं डबरा की महिला समिति को देसी गाय के गोबर से बने डेकोरेटिव आइटम्स को बनाना सिखाया।

वृक्षारोपण किया

रक्षाबन्धन पर्व पर दो डॉक्टरों व सभी ९ आचार्यों को को राखी बांधी एवं व सभी को मिठाई वितरित की गई।

डबरा आंचल में महिला समिति को ओर सक्रिय करने के लिए ओर नए प्रोजेक्ट्स पर चर्चा की गई। सुनावई ग्राम के विद्यालय से आए बच्चों को ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर कॅरम बोर्ड, ड्राइंग किट, कलर्स तथा ड्राइंग बुक्स दी गयी।

मिल की दफाई ग्राम के विद्यालय से उपस्थित बच्चों को २६ जनवरी को किये गए नृत्य प्रतियोगिता में पूरे मध्य भारत मे प्रथम स्थान प्राप्त कर डबरा अंचल के बच्चों को स्पोर्ट्स किट बेडमिंटन, आदि प्रदान किये। मिठाई वितरण एवम् नाश्ते के साथ बैठक का समापन किया गया।

महिला समिति की सदस्याओं ने आम सभा में केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्यजी सिंधिया से भेंट की। श्रीमंत जी को एकल विद्यालय एवं वहां निर्मित हो रहे गौ उत्पादों की जानकारी दी गई। उन्होंने कार्यों की सराहना करते हुए फूलों की माला के स्थान पर गौमय माला के प्रयोग पर जोर देकर इस प्रोजेक्ट की रिपोर्ट माँगी।

प्रदर्शनी का आयोजन

गोबर से गणेश बनाना सिखाया

बच्चे बने फेमस पर्सनालिटी, स्पीच देकर बटोरीं तालियां

ग्वालियर @ पत्रिका. कुछ ने फेमस पर्सनालिटी बन स्पीच देकर तालियां बटोरीं, तो कुछ ने सब्जी और फ्रूट्स बन महत्व बताए। मौका था वन बंधु परिषद महिला समिति ग्वालियर एवं ग्वालियर चैप्टर की ओर से डीडी मॉल में आयोजित 'एग्जीबिशन कम सेल' का। इस अवसर पर बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस कॉम्पीटिशन भी हुआ। इसमें दो ग्रुप में बच्चों ने भाग लिया। मॉल में लोगों को गाय के गोबर से श्रीगणेश बनाने का तरीका भी बताया गया। ट्रेनर के रूप में नीलम गर्ग एवं लेखिता सिंघल रहीं। नीलम गर्ग ने बताया कि आप अपने घर पर भी ईको फ्रेंडली गणेश बना सकते हैं। इससे आप पर्यावरण का साथ दे पाएंगे।

ग्वालियर

दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न

गाय के गोबर से गणेश प्रतिमाएं बनाना सीखा

दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

दीनदयाल सिटी मॉल फूलबाग ग्वालियर में दिनांक ८ -९सितंबर को प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें फैंसी ड्रेस और डांस दो प्रतियोगिता कराई गई इसमें भाग लेने वाले सभी बच्चों को गिफ्ट प्रदान किए गए। गौ माता के गोबर द्वारा गणेश जी बनाना सिखाया।

हाथीपुरा के एकल विद्यालय में दीवाली

ग्वालियर महिला समिति ने अंचल मोरेना के ग्राम हाथीपुरा के एकल विद्यालय में बच्चों एवं ग्रामवासियो के साथ दीवाली मनाई। दिवाली का त्योहार धनतेरस से लेकर भाईदूज तक ५ दिन तक मनाते हैं, उसी प्रकार हमने भी बच्चों के साथ धनतेरस, छोटी दीवाली, बड़ी दीवाली, पड़वा (गोवर्धन पूजा) मनाया।

धनतेरस पर धन्वन्तरिजी एवं कुबेर जी की पूजा कर सभी बच्चों ने दक्षिण दिशा की ओर यम के देवता के लिए दिया जलवाकर पूजा की व इस पर कविता भी पढ़ी। अगले दिन बच्चों द्वारा ५ दिये प्रज्वलित कर नरक चतुर्दशी की पूजा की गई।

दीवाली मे विद्यालय की बालिकाओं द्वारा रंगोली बनाक़र व साज सजावट कर लक्ष्मी गणेशजी की विधिवत पूजा की गई। सभी सजावट का सामान शुद्ध देसी गाय के गोबर से निर्मित है। सभी ९० परिवारों को मिठाई के साथ दिये भेंट किये गए।

गोवर्धन पूजा के दिन गांव की महिलाओं द्वारा गोबर से गोवर्धन बने गए और व उनकी परिक्रमा कर पूजा के बाद ५६ भोग लगाया गया। सभी बच्चों ने पटाखे चलाए। बच्चों और ग्रामवासियों की खुशी देखते ही बनती थी। यह एक बहुत ही अनूठा अविस्मरणीय अनुभव रहा।

वनबंधु परिषद ग्वालियर महिला समिति ने दिनांक २५-११-२१ को चैप्टर एवं युवा समिति के साथ पारिवारिक दीपावली मिलन का आयोजन होटल सुरुचि मे किया। सभी बहनो ने गुलाबी रंग की साड़ियां पहनी थी। सभी ने तंबोला एवं अन्य खेल बच्चों के साथ खेले।

सभी सदस्यों ने दीपक जलाकर एकल लिखा जो अत्यंत ही मोहक लग रहा था । महिला एवं युवा समिति द्वारा अभी तक किए गए कार्यों का विवरण दिया गया। साथ ही भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया। ५ दिसम्बर को वन यात्रा जाना तय हुआ। संक्रान्ति उपहार एवं सेवा पात्र योजना पर प्रकाश डाला गया। आतिशबाजी व सुरूचिपूर्ण भोजन के साथ हर्ष उल्लास से आयोजन का समापन किया गया

by Media Prabhari - Smt. Meena Garg

इंदौर महिला समिति के द्वारा शिक्षक दिवस पर दिनांक ५ सितंबर को खरगोन अंचल के संच कसरावद ग्राम अहिल्यापूरा की वनयात्रा की गई।

वनयात्रा का उद्देश्य शिक्षक दिवस पर आचार्यों का सम्मान था। अध्यक्ष माधवीजी झंवर, सचिव सीमाजी रणधर, शोभनाजी सामरिया, उर्मिलाजी शारडा, ग्राम संगठन प्रभाग सचिव नमिताजी अग्रवाल, शोभाजी वर्मा, शीतलजी वर्मा, मंगलाजी उपाध्याय, गोपालजी वनयात्रा के सहभागी बने। वनवासी बच्चों द्वारा सभी सदस्यों की, ढोल-ढमाको के साथ तिलक कर अगवानी की गई ।

शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में अहिल्यापुरा के आचार्य सीमाजी पटेल तथा आस पास के 5 ग्राम के आचार्यों; प्रियंका पटेल ग्राम बेसरकुंड से, रानू पाटीदार ग्राम आधावन से, ताराचंद अवचेतन ग्राम डेडगांव से, छाया मोकाती ग्राम करोंदिया से; इन सभी को आमंत्रित कर उनका श्रीफल एवं माला से सम्मान किया गया एवं भेंट स्वरुप वस्त्र दिये गये ।

अहिल्यापुरा ग्राम की आचार्य सीमाजी पटेल ने बताया की एकल स्कूल में आने से वनवासी बच्चे संस्कारवान बन रहें है। उन्होंने गायत्री मंत्र, सूर्य नमस्कार, माता पिता को प्रणाम करना एवं बडो को अभिवादन करना सीख लिया है । देश भक्तिगान, स्वच्छता, हिंदी एवं गणित में पारंगतता आ गई है। उन्होने बताया कि उन्हे गर्व है कि वो एकल से जुडी है। संच अध्यक्ष राजेशजी बडोले नें बताया की एकल के प्रयासो से एवं आचार्य सीमा पटेल के अथक परिश्रम से अहिल्यापुरा जो की चोरी डकेती के लिये जाना जाता था वह साक्षरता, संस्कार एवं स्वच्छता में तेजी से विकास कर रहा है।

कोरोना के कारण अभी विद्यालय पूर्ण रुप से नही लग रहें है परंतु सीमित बच्चों को बारी बारी से बुलाकर उन्हे स्वास्थ्य, स्वच्छता, देशभक्ति की शिक्षा दी जाती है, कोरोना से बचने के उपाय समझाये जाते है एवं योग करवाया जाता है । सभी बच्चे मास्क लगाये हुए थे एवं बहुत उत्साहित थे। बच्चो ने गायत्री मंत्र, कविता, देशभक्तिपर गीत, एकल गीत, पहाडे सुनाये तथा हमारे द्वारा उनसे जोड, घटाव, गुणा, भाग आदि करवाये। वन यात्रा पर गये सदस्यों द्वारा बच्चों से प्रश्न पूछे गये जिनका उत्तर बच्चों द्वारा आत्मविश्वास के साथ दिया गया।

अंचल अभियान प्रमुख बिलार सिंहजी सोलंकी भी उपस्थित थे; उनके द्वारा एकल विद्यालय की वर्तमान परिस्थितियों के बारे में बताया गया। ग्राम संगठन प्रभाग सचिव नमिताजी अग्रवाल द्वारा अपनी मातृभूमि को प्लास्टिक से दूषित होने से बचाने के लिये रोजमर्रा प्राप्त होने वाले प्लास्टिक को बोतल में भर कर उन बोतलो का उपयोग ईंट के रूप मे कर गांव का सौंदर्यिकरण भी किया जा सकता है यह जानकारी दी। कोरोना से बचने के उपाय, मास्क, दौ गज दूरी, हाथ धोना आदि सभी विषयों पर सभी से बातचीत की ।

सभी बच्चों को टी-शर्ट, जींस, चाकलेट, ड्राईंग कॉपी, पेंसिल एवं मिठाई वितरित की गई। सभी बच्चों से गुरुओं का चरण वंदन करवाया गया एवं शिक्षक दिवस का महत्व समझाया गया।
चारों और हरियाली ही हरियाली मानो प्रकृति अपने सौंदर्य के चरम पर है ऐसा लग रहा था जैसे ...
"लिखे धरा की देह पर, हरियाली ने छंद ,धरती मां की कोख से छलका है आनंद"
ऐसे मौसम में वन यात्रा, एकल विद्यालय दर्शन एवम् शिक्षक दिवस आयोजन के साथ आचार्य द्वारा ताजे भुट्टे एवं गर्मा-गरम चाय से स्वागत ने सभी को आनंदित कर दिया।

by Media Prabhari - Smt. Sadhna Mundra

वनबंधु परिषद महिला समिति मुंबई ने श्राद्धपक्ष में पूर्वजों की कृतज्ञताज्ञापन हेतु अपने सभी सदस्यों के सहयोग से ४८० चादरों का वितरण जवाहर और घोटी संभाग के आचार्यों को किया। हमारे कार्यकर्ता सचिन द्वारा इसे लॉरी में ले जाकर वर्ग लगने पर वितरण किया गया।

मुंबई महिला समिति की आठवीं बैठक दिनांक ११ ऑक्टोबर को नवरात्रि महोत्सव के रूप में वर्चूअली आयोजित की गयी। ओंकार के बाद अध्यक्ष श्रीमती प्रेरणा बागडी नवरात्रि के पावन अवसर पर सभी को बधाई देते हुए मातृशक्ति पर अपने विचार प्रगट किए। सचिव जयश्री भट्टड ने मासिक रिपोर्ट पढ़ी। माँ दुर्गाजी की झाँकी के दर्शन व स्तुति से कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। नौ दुर्गाजी पर नौ सदस्यों ने मिलकर भक्तिभाव से प्रत्येक माताजी की विशेषताएँ, उनकी कहानी,रंग व किस तरह से औषधी के रूप में मौजूद हैं, साथ ही किस चक्र में उनका वास है इसका संक्षिप्त विवरण दिया।
मधुर गायन से कार्यक्रम को एक माला में पिरोया था। उत्सव में सभी सदस्य खूब सज धज कर उल्लास-पूर्वक आए । सह सचिव सुषमाजी डागा ने आभार प्रदर्शन बाद शांतिपाठ के साथ बैठक को विराम दिया।

इसी शृंखला में दीपावली बैठक २५ ऑक्टोबर को गरवारे क्लब हाउस में मुंबई चैप्टर के साथ आयोजित की गयी।
नयनताराजी जैन ने सभी मेहमानों का स्वागत व लेखाजी रुंगटा ने एकल गीत प्रस्तुत किया। हमारे सदस्यों व डोनर को मिलाकर कुल ९० लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे फूलो की रंगोली व दियों की सजावट बहुत मनभावन थी। डॉक्टर राहुल जोशी जो एक बेहतरीन गायक भी है, ने देश भक्ति व हमारी गतिविधियों से संबंधित गीत सुना कर बहुत ही खूबसूरत समा बांधा। उनका साथ दिया हमारी सखी सुषमाजी व वंदना डागा ने।
प्रदीपजी गोयल ने डोनर्ज़ को वनबंधु परिषद की गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। बापू जी ने आशीर्वचन दिए।
हमारी सदस्य गीताजी पोदार ने २० स्कूल का सहयोग किया। आमंत्रित मेहमानों ने हमारे संगठन से जुड़ने की इच्छा जाहिर की।
सभी ने स्वल्पाहार का आनंद लिया। हर्षोल्लास से 'दिवाली मिलन' का समारोह संपन्न हुआ।

मुम्बई से श्रीमती उमाजी पचीसिया नवम्बर २०२१ को हिमाचलप्र देश के काँगड़ा अँचल के धर्मशाला संच के मगनपट्ट विद्यालय भाग प्रमुख श्री संजीव कुमार के साथ गईं।
१८ विद्यार्थी उपस्थित थे जिन्होंने अपनी प्रतिभा नाच, गान, वाचन से सबका मन मोह लिया।

by Media Prabhari - Smt. Aruna Lahoti

पुणे महिला समिति ने संच नारायणगांव में जुन्नर के पास ४ गांवों की महिला आचार्यों तथा कार्यालय प्रमुख, गतिविधी प्रमुख तथा संच प्रमुख आदि सेवाव्रती कार्यकर्ताओं के साथ रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। महिला आचार्य तथा पुरुष सेवाव्रती, सभी की कलाइयों पर राखी बांधकर, महिलाओं को साडियां और पुरुषों को शर्ट उपहार स्वरूप प्रदान किए और सभी को मिठाई भी दी। करोना काल की वजह काफी समय बाद प्रत्यक्ष मिलने का अवसर प्राप्त हुआ, जिस का लाभ उठाकर सभी को बहुत प्रसन्नता हुई ।

शिक्षक दिवस के उपलक्ष में पुणे महिला समिति द्वारा, अध्यक्ष अर्चना बेहेड़े के निवास स्थान पर कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग ३० लोगों की उपस्थिति रही एव १५ सदस्य ऑनलाइन उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की प्रस्तुति सुप्रसिद्ध कीर्तनकार श्रीमान चैतन्य जी देशपांडे, जो कि स्वयं मैकेनिकल इंजीनियर हैं एवं प्रोफ़ेसर के रूप में पढ़ाते हैं। आपने भगवान श्रीकृष्ण के गुरुरुप की महिमा मराठी अभंग और 'कृष्णम् वन्दे जगद्गुर' इस पंक्तिपर आधारित निरूपण एवं कीर्तन के द्वारा बहुत ही सुंदर एवं रोचक ढंग से प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में सचिव रचना भुतड़ा ने सभी को धन्यवाद दिया। कोविड-१९कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए समिति ने यह कार्यक्रम छोटे स्वरूप में ही किया, पर उल्लेखनीय बात यह रही कि इस कार्यक्रम के द्वारा ३० नए मेंबर महिला समिति में जुड़े। सभी ने दर्शन, कीर्तन एवं प्रसाद का आनंद उठाया ।

२६ एवं २७ नवंबर को माननीय गीता दीदी एवं विनीता दीदी की दो दिवसीय पुणे चैप्टर की यात्रा अत्यंत ही सफल एवं परिणामकारक रही। २६ तारीख़ को पुणे चैप्टर की ओर से हमारे अध्यक्ष श्री वसंतजी राठी के फ़ार्म हाउस पर ही "एकल डोनर मीट" कार्यक्रम रखा गया, जिसमें पधारे सभी दानदाताओं द्वारा वृक्षारोपण के अंतर्गत बारहमासी आम का पौधा लगाया गया। आदरणीय गीताजी एवं विनीताजी के उद्बोधन के पश्चात पुणे चैप्टर के कार्यों का प्रस्तुतिकरण किया गया कार्यक्रम का समापन स्वादिष्ट भोजन के साथ हुआ। यात्रा के दूसरे दिन पुणे के कई गण्यमान्य परिवारों से उनके घर पर ही आदरणीय गीता दीदी एवं विनीताजी की मुलाक़ात हुई तथा दोपहर को पुणे महिला समिति की मीटिंग तथा नए जुड़े सदस्यों के साथ गीता जी एवं विनीताजी का वार्तालाप काफ़ी सफल रहा। आप दोनों के प्रयास की वजह से पुणे टीम का काफ़ी उत्साहवर्धन हुआ एवं महिला समिति को एक नई दिशा मिली।

by Media Prabhari - Smt. Shweta Jaju

वनबंधु परिषद महिला समिति सूरत ने २५ नवम्बर को इनर व्हील क्लब रोटरी सीफ़ेस के साथ जी॰आर॰सी॰सेंटर सोनगढ का प्रवास किया। इस कार्यक्रम में सिलाई मशीन प्रदान करने का आयोजन किया गया। ५ सेंटर पर ५-५ सिलाई मशीन दी गई तथा १० सिलाई मशीन उन बहनो को दीं जो सिलाई सीख चुकी हैं ताकि वे स्वावलंबी बनें।

इनर व्हील की बहनो ने समिति की बहनो के साथ गौशाला में गाय की पूजा की व लापसी खिलाई। पोषण वाटिका का अवलोकन किया और पौधे लगाए। सभी ने अल्पाहार लिया। सौहार्दपूर्ण कार्यक्रम में कुल ६० लोग उपस्थित रहे । सूरत शहर के अलग अलग NGO को एकल अभियान से परिचित करवाने के लिये समय समय पर भिन्न भिन्न कार्यक्रम का आयोजन सूरत समिति का बहुत सफल प्रयास है।

by Media Prabhari - Smt. Anita Jain

महिला समिति की सहसचिव पूजा पांडिया के नेतृत्व में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में ३२ आचार्यों का सम्मान किया गया। सम्मान स्वरूप सभी को एक एक दरी, मास्क व सैनिटाइजर प्रदान किया गया। कोविड काल के बाद की गई इस पहली वन यात्रा में आचार्यों, बच्चों और ग्रामीण लोगों का उत्साह देखने लायक था । बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से सभी का दिल जीत लिया ।
सभी वन यात्रीयों ने बच्चों के साथ वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, म्यूजिकल चेयर और वाद विवाद प्रतियोगिता में अपना समय बिताया ।
महिला समिति के बाक़ी सदस्यों ने जूम के माध्यम से इस वन यात्रा में भाग लिया। मीटिंग का संचालन समिति सचिव रिचा छापोलिया ने किया और अध्यक्ष पुष्पा जी सारडा ने सभी सदस्यों और आचार्यों का स्वागत किया। कई आचार्यों ने अपना टैलेंट सुंदर रंगोली, गीत और डांस के वीडियो के माध्यम से शेयर किया, जिसे जूम मीटिंग के दौरान प्रस्तुत किया गया। उनमें आचार्यों की मेहनत, उत्साह और लगन साफ-साफ दिखाई पड़ रही थी। सभी एकल आचार्यों का बहुत बहुत आभार।
मीटिंग का समापन शांति मंत्र के साथ किया गया। इस वन यात्रा में बेंगलुरु चैप्टर के सचिव श्री सचिनजी पांडिया की भी उपस्थिति रही।

बेंगलुरु वनबंधु परिषद महिला समिति पिछले ६ महीनों से तंबोला का आयोजन कर रही है जिसका मुख्य उद्देश्य है - पेंडामिक के समयमें लोगों को एकल से जोड़े रखना। लोगों की तंबोला में रुचि को देखते हुए हर २ महीने में महिला समिति की कार्यक्रम संयोजिका सुनीता जी गुप्ता ने अलग अलग थीम पर मनोरंजक तंबोला का आयोजन किया जिसकी सब ने बहुत प्रशंसा की।
इसी शृंखला में १६ अगस्त को वेडिंग थीम पर व्हाट्सअप के जरिए तंबोला खेला गया जिसमें १०० सदस्यों ने भाग लिया।
वास्तविक शादी का माहौल बनाने के लिए सभी प्रकार के रस्म-रिवाज़ो के नाम पर इनाम घोषित किए गए जैसे निकासी, सात वचन, जूता छुपाई, विदाई आदि। ऐसा लग रहा था मानो हम शादी के सभी फंक्शन अटेंड कर रहे हों।
तंबोला के अंतिम दौर में सवाल जवाब राउंड ने लोगों का उत्साह और बढ़ा दिया । इसके दौरान महिला समिति को स्पॉन्सर के द्वारा सर्प्राइज़ इनाम भी मिले । रिद्धि क्रिएशन डिजाइनर स्टूडियो, दिल्ली की तरफ से इस कार्यक्रम के सपोर्ट में दो विजेताओं को उपहार भेजे गए । टिकट सेलिंग का टारगेट पूरा करके महिला समिति ने हमेशा की तरह एकल फंड में भी सहयोग दिया।



वनबंधु परिषद बैंगलोर महिला समिति ने १७ नवंबर को चामराजनगर अंचल के बेदरापुरा विद्यालय की वर्चुअल वन यात्रा का आयोजन किया, जिसमें वन यात्रा प्रभारी और कार्यकारी अध्यक्ष बबीता अग्रवाल सहित ५ सदस्यों ,११ छात्रों और २ आचार्यों ने भाग लिया। अत्यधिक बारिश की वजह से उपस्थिति कम रही । बबीता जी ने मीटिंग के आरम्भ में सभी का स्वागत किया।

सभी ने एक -एक करके सभी बच्चों और आचार्यों से बात की और वहां चल रही गतिविधियों को जाना। बच्चों से उनकी दिनचर्या, दैनिक खान- पान, एकल विद्यालय के बारे में उन्हें क्या अच्छा लगता है और उन्होने वहां क्या क्या सीखा,कौन कौन से पेड़- पौधे लगाए हुए हैं और उनकी देखभाल कैसे करते हैं, बड़ा होकर क्या बनना चाहता है आदि प्रश्न किए गए। आचार्यों से भी उनके स्वास्थ्य और विद्यालय की जरुरत के सामान के बारे में जानकारी ली गई। उत्साह पूर्वक वनयात्रा का समापन शांति मंत्र के साथ किया गया।

एकल अभियान, बेंगलुरु महिला समिति ने नवरात्रि के पावन पर्व पर ९ ऑक्टोबर को लैवेल रोड रोटरी क्लब में महिलाओं के लिए डांडिया उत्सव का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने बहुत उत्साह के साथ भाग लिया।

समिति अध्यक्ष पुष्पा शारडा, सचिव रिचा छापोलिया, साउथ जोन अध्यक्ष सरिता भंसाली एवं सचिव रेणु जी कानोडिया तथा वरिष्ठ सदस्यों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के ५ संयोजक थे जिन्होंने कार्यक्रम की बड़ी सुंदर व मनोरंजक रूपरेखा तैयार की।

अतिथियों का स्वागत करते हुए पुष्पा जी ने एकल के बारे में जानकारी दी व बताया कि महिला समिति द्वारा समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम करने का उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़े रखना है। क़रीबन ७० महिलाओं को डांडिया सिखाने के लिए कोरीआग्रफ़र बुलायी गयी। ढाई घंटे तक चले इस रंगारंग कार्यक्रम में बीच-बीच में बेस्ट पारम्परिक वेशभूषा, सबसे उत्साहित डान्सर, सबसे कुशल डान्सर आदि पुरस्कार दिए गए।

संयोजक टीम ने स्टेज पर नव निर्वाचित कमिटी का सम्मान किया गया। कई स्टॉल्ज़ भी रखे गए थे।

इस कार्यक्रम में ५ नए सदस्य एकल से जुड़े और एक विद्यालय का अनुदान भी मिला।

मस्ती व मनोरंजन से भरपूर, इस शाम का हर एक जन ने भरपूर आनंद उठाया। सभी को दिवाली की बधाई देते हुए ऋचा जी द्वारा शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

by Media Prabhari - Smt. Gati Agarwal

कोच्चि महिला समिति ने शिक्षक दिवस तेलंगाना, हुबली और बंगलुरु के साथ मिलकर 'एकल के रंग त्यौहार के संग,' शीर्षक से विभिन्न त्योहारों, मान्यताओं और परंपराओं को दर्शाते हुए मनाया। मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्याम जी गुप्त और सत्यनारायण जी काबरा थे कोच्चि समिति ने यहां के प्रसिद्ध त्योहार ओणम को दर्शाया था।

...and as we come to the end of this edition of Ekal Shakti
we wish you a healthy, happy and prosperous 2022....
as you continue to bring smiles in the lives of our villagers!

Thankyou